युवा कार्यक्रम
एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF
YOUTH AFFAIRS
AND SPORTS

सत्यमेव जयते

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान

## ग्वालियर

(सम विश्वविद्यालय)

खेल विभाग, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार

**कार्य का नाम**

## एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के IQAC हॉल में एक वॉशरूम (पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार के साथ) का निर्माण

# निविदा दस्तावेज

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

(सम विश्वविद्यालय)

**No.: E/B&R/IQAC Tender/25/2026-27/** 17 **दिनांक:** 30/07/2026

## निविदा आमंत्रण सूचना

समान कार्यों का अनुभव रखने वाली पात्र एजेंसियों / ठेकेदारों / कंपनियों / फर्मों से "**एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के IQAC हॉल में एक वॉशरूम (पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार के साथ) का निर्माण**" हेतु मुहरबंद निविदांए आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी अनुमानित लागत **रुपये 12,75,700/-** है तथा इसकी ईएमडी **रुपये 63,785/-** केवल है।

इच्छुक कंपनियाँ / फर्में / ठेकेदार / एजेंसियाँ, जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट पात्रता शर्तों के अनुसार योग्य हैं, वे निर्धारित प्रारूप में ईएमडी एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित अपनी निविदाएँ स्पीड पोस्ट, पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि वे दिनांक **24.08.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक** सहायक कुलसचिव (संपदा), एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के कार्यालय में स्थित निविदा बॉक्स में प्राप्त/जमा हो सकें। केवल उन्हीं बोली दाताओं की उद्धरित दरों पर विचार किया जाएगा, जो निविदा दस्तावेज में निर्धारित पात्रता मानदंडों के अनुसार योग्य पाए जाएँगे तथा जिन्होंने सभी आवश्यक सूचनाएँ एवं दस्तावेज पूर्ण रूप से प्रस्तुत किए हों।

निविदा आवेदन प्रपत्र शुल्क **शून्य (NIL)** है तथा विस्तृत विनिर्देश, नियम एवं शर्तें आदि संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट **www.lnipe.edu.in** एवं सीपीपी पोर्टल पर उपलब्ध हैं, जिन्हें डाउनलोड कर प्रस्तुत किया जा सकता है।

*नोट: प्रमाणिकता के लिए, अंग्रेज़ी संस्करण को प्राथमिकता दी जाएगी।*

Digitally signed by
YATENDRA KUMAR SINGH
Date: 29-07-2026
17:41:21

**(प्रो. यतेन्द्र कुमार सिंह)**
**कुलसचिव प्रभारी**

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

## एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के IQAC हॉल में एक वॉशरूम (पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार के साथ) का निर्माण हेतु निविदा दस्तावेज सह फार्म

**(ए) पात्रता मानदंड**

**निविदाकार को पात्र घोषित होने के लिए तकनीकी बोली के साथ निर्धारित प्रारूप में निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियों को विधिवत हस्ताक्षरित/सत्यापित अनुलग्नक जमा करना आवश्यक है:-**

1. "कुलसचिव, एल.एन.आई.पी. ई., ग्वालियर" के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट रुपये 63,785.00 (रुपये तिरेसठ हजार सात सौ पचासी मात्र) की ईएमडी प्रस्तुत की जाए।
2. बोली दाता का पंजीकरण प्रमाण पत्र (Certificate of Incorporation)।
3. CGST/SGST पंजीकरण (प्रमाण पत्र के साथ GST रिटर्न संलग्न किया जाए)।
4. आयकर स्थायी खाता संख्या (PAN) कार्ड की प्रति संलग्न की जाए।
5. पिछले तीन (3) वर्षों (31 मार्च 2025 तक) का औसत वार्षिक वित्तीय टर्नओवर अनुमानित लागत का कम से कम 30% होना चाहिए। (इस हेतु पंजीकृत चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा जारी "टर्न ओवर प्रमाण पत्र" (Annexure-B के प्रारूप में) तथा संबंधित तीन वर्षों की बैलेंस शीट एवं आयकर रिटर्न की प्रतियाँ संलग्न की जाएँ)।
6. निम्नलिखित में से कोई एक समान कार्य पिछले 7 वर्षों के दौरान 2018 से 2025 तक सरकारी विभागों / निजी संगठनों / शैक्षणिक संस्थानों में सफलतापूर्वक पूर्ण करने का अनुभव हो:—
   - (a) पूर्ण किए गए तीन समान कार्य, प्रत्येक की कीमत अनुमानित लागत के 40% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए।
   - (b) पूर्ण किए गए दो समान कार्य, जिनमें प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 50% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए।
   - (c) पूर्ण किए गए एक समान कार्य, जिनमें प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 80% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए।

[संबंधित पूर्णता प्रमाण-पत्र के साथ केवल a/b/c कार्य आदेशों की प्रतियाँ संलग्न करें]

**समान कार्य** – इस निविदा (NIT) में समान कार्य से आशय ऐसे किसी भी सिविल कार्य से है, जिसमें बिल्डिंग बनाने का काम शामिल हो और जिसमें मुख्य रूप से सैनिटरी इंस्टॉलेशन और पानी की सप्लाई की व्यवस्था हो।

7. निविदाकार के पास एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी अनुमानित लागत का कम से कम 50% का सॉल्वेंसी प्रमाण पत्र सहित बैंक खाता होना चाहिए। (जिसमें एक महीने के बैंक खाते का विवरण संलग्न किया जाए)।
8. रुपये 500/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प/ई स्टाम्प पर मूलत: निम्नलिखित की घोषणा प्रस्तुत करना आवश्यक है:-

(a) निविदाकार कंपनी के प्रोपराईटर / फर्म / साझेदार के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित नहीं है।

(b) निविदाकार ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान EPF, ESIC, GST, आयकर आदि वैधानिक देयों के भुगतान में कोई चूक नहीं की है।

(c) निविदाकार को पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान किसी भी सरकारी विभाग, सार्वजनिक उपक्रम (PSU), संगठन, शैक्षणिक संस्थान अथवा स्वायत्त संस्थान द्वारा ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है।

(d) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान अवधि समाप्त होने से पहले निविदाकार का कोई अनुबंध समाप्त नहीं किया गया है।

## (बी) वित्तीय बोली

1. वित्तीय बोली **अनुलग्नक-'सी'** दिए गए प्रारूप के अनुसार प्रस्तुत की जानी आवश्यक है।
2. केवल तकनीकी रूप से योग्य पाए गए बोली दाताओं` की वित्तीय बोली निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली जाएगी, जिसकी सूचना ऐसे बोली दाताओं को पृथक रूप से दी जाएगी।
3. उद्धृत दरें सभी करों सहित होनी चाहिए। अनुबंध अवधि के दौरान कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

## (सी) निविदा प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रिया

1. निविदाएँ एक मुख्य सील बंद लिफाफे में प्रस्तुत की जानी चाहिए, जिस पर **"एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के IQAC हॉल में एक वॉशरूम (पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार के साथ) का निर्माण"** स्पष्ट रूप से अंकित हो, तथा इसे दिनांक **24.08.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक** सहायक कुलसचिव (संपदा) के कार्यालय में रखे गए निविदा बॉक्स में जमा किया जाना सुनिश्चित करें। ।

   उक्त निविदा स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से भी भेजी जा सकती है, बशर्ते कि लिफाफे पर उपरोक्त विषय स्पष्ट रूप से अंकित हो। ऐसे मामलों में यह पूर्णतः बोली दाता की जिम्मेदारी होगी कि निविदा दिनांक **24.08.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक** संस्थान में प्राप्त हो जाए।

2. मुख्य निविदा लिफाफे में निम्नानुसार दो पृथक सील बंद लिफाफे शामिल होने चाहिए:—

**लिफाफा संख्या 1: 'अनुलग्नक-'ए'** एवं **अनुलग्नक -'बी'** के अनुसार विधिवत भरी हुई तकनीकी बोली तथा आवश्यक दस्तावेजों सहित।

**लिफाफा संख्या 2: अनुलग्नक -'सी'** के अनुसार विधिवत भरी हुई वित्तीय बोली, जिसमें दर/राशि अंकों एवं शब्दों दोनों में निर्धारित स्थान पर अंकित की जाए तथा लिफाफे पर स्पष्ट रूप से 'वित्तीय बोली' लिखा हो।

3. निविदा के सभी पृष्ठों को बोली लगाने वाले निविदाकार द्वारा विविधत पृष्ठांकित और स्व-प्रमाणित किया जाएगा।

4. सशर्त निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5. तकनीकी बोली खोलने से पूर्व किसी भी समय, संस्थान आवश्यकतानुसार अपनी वेबसाइट के माध्यम से संशोधन / परिशिष्ट निविदा दस्तावेज में संशोधन कर सकता है। इसके लिए भावी निविदाकार को पृथक से कोई सूचना प्रेषित नहीं की जाएगी।

6. निविदाकार निविदा दस्तावेज में उल्लिखित सभी नियमों और शर्तों का पालन करेंगे तथा (तकनीकी एवं वित्तीय) में सभी वांछित जानकारी स्पष्ट रूप से भरेंगे, अन्यथा संस्थान उसको अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

7. अपूर्ण रूप से भरी गई निविदाएँ अस्वीकार कर दी जाएँगी।

8. निविदा को निविदा आमंत्रण सूचना (NIT) में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों (यदि कोई हो) की उपस्थिति में खोला जाएगा।

9. केवल तकनीकी रूप से योग्य पाए गए बोली दाताओं की वित्तीय बोली ही खोली जाएगी। इस संबंध में कोई पृथक सूचना जारी नहीं की जाएगी।

10. यदि निविदा खोलने की निर्धारित तिथि/दिन पर सार्वजनिक अवकाश होता है, तो उसी समय अगले कार्य दिवस खोला जाएगा।

11. निविदाकार से अपेक्षा की जाती है कि वे प्रस्तावित कार्य का निरीक्षण करने के लिए संस्थान में साईट का दौरा करें और साइट की स्थितियों और कार्य के दायरे से अवगत रहें, जिसे निविदा प्रपत्र में घोषित किया जाना है।

12. जिन बोली दाताओं की निविदाएँ तकनीकी या वित्तीय आधार पर अस्वीकृत कर दी जाती हैं, उनके साथ किसी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा।

## (डी) अनुबंध की सामान्य शर्तें

1. प्रस्तावित मरम्मत कार्य का अनुमानित माप केवल एक मार्गदर्शक के रूप में दिया गया है अनुसूची में उल्लिखित मात्रा और सामग्री भिन्न हो सकते हैं जिसे निविदाकार द्वारा प्रस्तावित दरों पर स्वीकार करना होगा। एजेंसी का भुगतान साईट पर निष्पादित वास्तविक माप के अनुसार किया जाएगा।
2. यह कार्य एजेंसी को टर्न-की आधार पर अवार्ड किया जाएगा। कार्य के संतोषजनक पूर्ण होने पर ही ठेकेदार को भुगतान किया जाएगा तथा ठेकेदार को निर्धारित प्रारूप में टैक्स इनवॉइस प्रस्तुत करना होगा। आंशिक/रनिंग बिल या अग्रिम भुगतान की कोई व्यवस्था नहीं है।
3. कार्य आवंटन की सूचना मिलने के पश्चात सफल बोली दाता को 7 दिनों के भीतर रुपये 500/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर अनुबंध प्रस्तुत करना होगा तथा 15 दिनों के भीतर वर्तमान निविदा की शर्तों के अनुसार संस्थान के साथ अनुबंध निष्पादित करना होगा।
4. सफल बोली दाता (L-1) को अनुबंध मूल्य के 10% के बराबर पर फॉर्मेंस सिक्योरिटी डिमांड ड्राफ्ट अथवा फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में "कुलसचिव, एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर" के नाम से जमा करनी होगी, जो कम से कम 12 माह की अवधि के लिए वैध होगी।
5. असफल बोली दाताओं की ईएमडी निविदा अंतिम रूप से तय होने के बाद वापस कर दी जाएगी। इस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
6. परफॉर्मेंस सिक्योरिटी कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने एवं संस्थान की संतुष्टि के 12 माह बाद वापस की जाएगी। इस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। कार्य के लिए दोष दायित्व अवधि / वारंटी अवधि 12 माह की होगी।
7. कार्य प्रारंभ की तिथि से 120 दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए तथा कार्य प्रारंभ, आशय पत्र (LoI) जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर किया जाना अनिवार्य है। अन्यथा संस्थान आंवटित कार्य रद्द कर ईएमडी और / या परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जब्त कर सकता है।
8. निविदाकार निविदा प्रपत्र की वित्तीय बोली के प्रारूप में निविदा दस्तावेज में विभिन्न नियमों और शर्तों के अनुसार अपनी दरों को उद्धत करेंगे, जिसमें सभी करों, उपयुक्त सामग्री, श्रम, मशीनरी, उपकरण एवं कार्य के पूर्ण निष्पादन हेतु आवश्यक सभी साधन शामिल हों। संस्थान द्वारा अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा, जब तक कि अतिरिक्त/ लीड/ आकस्मिक कार्य का दायरा संस्थान के कुलपति द्वारा स्वीकृत न हो।
9. आवश्यक सभी श्रमिक केवल ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराए जाएँगे तथा स्थल पर किसी भी नाबालिग को कार्य में संलग्न नहीं किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराए गए अकुशल श्रमिक एवं अन्य कार्मिक ठेकेदार के कर्मचारी माने जाएँगे, तथा उन्हें सभी वैधानिक एवं अन्य लाभ प्रदान करना ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी। एल.एन.आई.पी.ई. इस संबंध में किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं लेगा तथा संस्थान किसी भी कार्य हेतु कोई श्रमिक (अकुशल/UWA) उपलब्ध नहीं कराएगा।
10. संस्थान का सक्षम प्राधिकारी निविदा के संपूर्ण या किसी भी भाग को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है तथा ठेकेदार उक्त कार्य को उद्धृत दरों पर करने के लिए बाध्य होगा।

11. यह निविदा तकनीकी रूप से योग्य बोली दाताओं की वित्तीय बोली खोले जाने की तिथि से 180 दिनों की अवधि तक स्वीकृति हेतु वैध रहेगी।
12. कार्य में विलंब होने पर रुपये 1000/- प्रतिदिन की दर से जुर्माना लगाया जाएगा, जिसे ठेकेदार के बिल से काटा जाएगा तथा कुल जुर्माना कार्य की कुल लागत के 10% से अधिक नहीं होगा। यदि कोई बाधा उत्पन्न होती है, तो उसकी सूचना कुलसचिव कार्यालय को दी जा सकती है तथा आवश्यकतानुसार समयावधि में विस्तारण किया जा सकता है।
13. कार्य CPWD विनिर्देशों के अनुसार तथा भवन प्रभारी की पूर्ण संतुष्टि तक किया जाएगा।
14. कार्यस्थल या संस्थान परिसर में किसी भी प्रकार का कचरा / मलबा (विघटित सामग्री को छोड़कर) नहीं छोड़ा जाएगा तथा इसे परिसर के बाहर हटाने एवं निस्तारण की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी, जो अपने खर्च पर करेगा।
15. कार्य निष्पादन के दौरान संस्थान की संपत्ति को किसी भी प्रकार की क्षति के लिए ठेकेदार पूर्णतः उत्तरदायी होगा। यदि स्थल या आसपास कोई क्षति होती है, तो उसे बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के उद्धृत दरों में ही ठीक करना होगा।
16. समय-समय पर लागू प्रावधानों के अनुसार बिल से आवश्यक वैधानिक कटौतियाँ की जाएँगी।
17. प्रतिबंधित/ब्लैक लिस्टेड एजेंसी / फर्म / व्यक्ति को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
18. उप-ठेकेदारी (Sub-contracting) की अनुमति नहीं होगी।
19. यदि ठेकेदार कार्य आदेश के अनुसार संस्थान की संतुष्टितक कार्य पूरा करने में विफल रहता है या अनुबंध की किसी भी शर्त का उल्लंघन करता है, तो संस्थान को ईएमडी एवं / या परफॉर्मेंस सिक्योरिटी / गारंटी जब्त कर ने का अधिकार होगा। इसके अतिरिक्त, संस्थान ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने का अधिकार भी रखता है।
20. अनुबंध की अवधि के दौरान किसी भी कानून/नियम आदि के लागू होने के कारण ठेकेदार किसी प्रकार के मुआवजे का पात्र नहीं होगा।
21. इस अनुबंध से संबंधित सभी सामग्रीया अन्य तत्वों पर लागू करों का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जाएगा तथा इस संबंध में संस्थान किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं करेगा। ठेकेदार की दरों में सभी कर शामिल होने चाहिए।
22. संस्थान इस अनुबंध के अंतर्गत ठेकेदार को किए जाने वाले सभी भुगतानों से आयकर एवं अन्य लागू करों की कटौती स्रोत पर (TDS) करेगा, जैसा कि समय-समय पर लागू आयकर अधिनियम या अन्य कानूनों के प्रावधानों के अनुसार होगा।
23. ठेकेदार अपने कर्मचारियों के उपकरण, मशीनरी या सिस्टम को हुई किसी भी क्षति के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा तथा इस की भरपाई अपने जोखिम एवं खर्च पर करेगा।
24. ठेकेदार श्रम सुरक्षा संबंधी सभी प्रावधानों का पूर्णतः पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा।
25. डिजाइन, कार्य पर्यवेक्षण एवं कार्य निष्पादन केवल अभियंता प्रभारी (Engineer-in-Charge) के निर्देश एवं संतुष्टि के अनुसार किया जाएगा।
26. खराब कार्य की स्थिति में – यदि यह पाया जाता है कि कोई कार्य दोषपूर्ण, अपूर्णया अकुशल कारीगरी से अथवा निम्न गुणवत्ता की सामग्री से किया गया है, तो अभियंता प्रभारी को अधिकार होगा कि वह उस कार्य

को सुधारें / पुनः निष्पादित कराएं या संबंधित सामग्री / आइटम को हटाकर बदलवाएं, जिसका संपूर्ण व्यय एवं जोखिम ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा।

27. यदि ठेकेदार कार्य को निष्पादित करने में विफल रहता है या बीच में कार्य छोड़ देता है या संस्थान की पूर्ण संतुष्टि तक कार्य पूरा नहीं करता या अनुबंध की किसी भी शर्त का उल्लंघन करता है, तो संस्थान को बोली सुरक्षा एवं / या परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जब्त करने का अधिकार होगा। संस्थान ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने का अधिकार भी रखता है।
28. कार्य आवंटन का मानदंड सामान्यतः सभी मदों के लिए उद्धृत कुल न्यूनतम दरों (Lowest Aggregated Rates) के आधार पर होगा।
29. एजेंसी के अंतिम चयन से पूर्व संस्थान उद्धृत दरों का औचित्य (Justification) मांगने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
30. ठेकेदार को समय-समय पर संशोधित सभी विद्युत नियमों का पालन करना होगा तथा ठेकेदार या उसके श्रमिकों की किसी भी प्रकार की लापरवाही के कारण होने वाली किसी भी दुर्घटना/हानि के लिए ठेकेदार पूर्णतः उत्तरदायी होगा।
31. निविदा के संबंध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार का प्रभाव डालने (Canvassing) का प्रयास पूर्णतः निषिद्ध है तथा ऐसा करने वाले बोली दाताओं की निविदाएँ निरस्त कर दी जाएँगी।
32. किसी भी अतिरिक्त, लीड या आकस्मिक कार्य के लिए पूर्व स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
33. संस्थान एवं ठेकेदार के बीच अनुबंध से उत्पन्न किसी भी विवाद का क्षेत्राधिकार ग्वालियर न्यायालय होगा।
34. यदि हिंदी संस्करण में कोई त्रुटि/विसंगति पाई जाती है, तो अंग्रेजी संस्करण को अंतिम एवं मान्य माना जाएगा।

अनुलग्नक-'ए'

## लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

### एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के IQAC हॉल में एक वॉशरूम (पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार के साथ) का निर्माण हेतु तकनीकि बोली

| SL. NO. | DESCRIPTION | WHETHER DOCUMENT IS SUBMITTED OR NOT | FURNISH INFORMATION HERE | COPY ENCLOSED AT PAGE NO. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदाकार का पूरा नाम | हाँ/नहीं | | |
| 2 | "कुलसचिव, एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में रुपये 63,785/- की ईएमडी | हाँ/नहीं | | |
| 3 | निविदाकर्ता का पूर्ण पता, फोन नंबर, ईमेल, वेबसाइट | हाँ/नहीं | | |
| 4 | निविदाकार की स्थिति, जैसे सार्वजनिक, निजी (लिमिटेड) / साझेदारी फर्म या स्वामित्व फर्म (निगमन का प्रमाण पत्र संलग्न करें) | | हाँ/नहीं | | |
| 5 | सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी CGST / SGST पंजीकरण (पिछली एक तिमाही के GST रिटर्न सहित संलग्न करें) | | हाँ/नहीं | | |
| 6 | आयकर विभाग द्वारा जारी स्थायी खाता संख्या (PAN) (PAN कार्ड की प्रति संलग्न करें) | हाँ/नहीं | | |
| 7 | पिछले तीन (3) वित्तीय वर्षों (मार्च 2025 तक) का औसत वार्षिक वित्तीय टर्नओवर अनुमानित लागत का कम से कम 30% होना चाहिए (पंजीकृत चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा जारी टर्न ओवर प्रमाण पत्र, संबंधित तीन वर्षों की बैलेंसशीट तथा आयकर रिटर्न की प्रतियाँ संलग्न करें) | | हाँ/नहीं | | |
| 8. | बैंक सॉल्वेंसी प्रमाण पत्र | | हाँ/नहीं | | |
| 9 | जनवरी 2019 से जनवरी 2026 तक पिछले 7 वर्षों में सरकारी विभागों / निजी संगठनों / शैक्षणिक | हाँ/नहीं | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | संस्थानों में निम्न में से किसी एक के अनुसार समान कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने का अनुभव:—<br>(a) तीन समान कार्य, जिनमें प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत का कम से कम 40% हो।<br>(b) दो समान कार्य, जिनमें प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत का कम से कम 50% हो।<br>(c) एक समान कार्य, जिसकी लागत अनुमानित लागत का कम से कम 80% हो।<br>[उपरोक्त के अनुसार केवल 3/2/1 कार्य आदेशों की प्रतियाँ तथा संबंधित पूर्णता प्रमाण पत्र संलग्न करें]<br>**समान कार्य** – इस निविदा (NIT) में समान कार्य से आशय ऐसे किसी भी सिविल कार्य से है, जिसमें बिल्डिंग बनाने का काम शामिल हो और जिसमें मुख्य रूप से सैनिटरी इंस्टॉलेशन और पानी की सप्लाई की व्यवस्था हो | | | |
| 10 | बोली दाता के बैंक खाते का विवरण (बैंक खाते का विवरण नवीनतम खाता विवरण / स्टेटमेंट सहित संलग्न किया जाए) \| | हाँ/नहीं | खाता संख्या, खाते का प्रकार आईएफएससी कोड, बैंक शाखा आदि। | |
| 11 | रुपये 500/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर विधिवत सत्यापित (नोटरीकृत) शपथ पत्र के रूप में निम्नलिखित घोषणा प्रस्तुत की जानी आवश्यक है कि:<br>(a) बोली दाता कंपनी के स्वामी / फर्म / साझेदार के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है।<br>(b) बोली दाता ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान EPF, ESIC, GST, आयकर आदि वैधानिक देयों के भुगतान में कोई चूक नहीं की है।<br>(c) बोली दाता को पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान किसी भी सरकारी विभाग, सार्वजनिक उपक्रम (PSU), संगठन, निजी संस्थान, शैक्षणिक संस्थान अथवा स्वायत्त संस्थान द्वारा ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है। | हाँ/नहीं | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (d) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान बोली दाता का कोई भी अनुबंध उसकी निर्धारित अवधि पूर्ण होने से पूर्व समाप्त नहीं किया गया है। | | | |
| 12 | अनुबंध एवं वर्तमान निविदा से संबंधित कोई अन्य जानकारी, जिसे बोली दाता प्रस्तुत करना चाहता हो | हाँ/नहीं | | |

## घोषणा

1. मैंने/हमने निविदा दस्तावेज का सावधानी पूर्वक परीक्षण किया है तथा उसमें उल्लिखित सभी नियम एवं शर्तों के अनुरूप उपर्युक्त कार्य हेतु अपनी बोली प्रस्तुत करते हैं।

2. मैं/हम यह घोषणा करते हैं कि हमने निविदा दस्तावेज में उल्लिखित प्रत्येक नियम एवं शर्त तथा कार्य के दायरे का सावधानी पूर्वक अध्ययन किया है तथा स्थल का भौतिक निरीक्षण कर उसे भली-भांति समझ लिया है। हम इसे बिना किसी शर्त या विचलन के स्वीकार करते हैं।

3. मैं/हम सहमत हैं कि हमारी बोली, बोली खोले जाने की तिथि से 180 दिनों की अवधि तक वैध रहेगी तथा इस अवधि के दौरान यह हमारे लिए बाध्यकारी होगी और इस अवधि के समाप्त होने से पूर्व किसी भी समय स्वीकार की जा सकती है।

4. मैं/हम यह समझते हैं कि यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है और हमें कार्य आवंटित किया जाता है, तो हम इसे स्वीकार करेंगे तथा निविदा दस्तावेज की सभी/किसी भी शर्तों का पालन करने के लिए सहमत होंगे।

5. मैं/हम अपनी अपरिवर्तनीय सहमति प्रदान करते हैं कि अनुबंध अवधि के दौरान यदि निविदा दस्तावेज/अनुबंध अपूर्ण छोड़ा जाता है या किसी भी प्रकार से अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन होता है, तो परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जमा की जब्ती स्वीकार होगी।

6. जब तक औपचारिक अनुबंध निष्पादित नहीं हो जाता, तब तक निविदा दस्तावेज अथवा अनुबंध, हमारे लिखित स्वीकृति के साथ या बिना, दोनों पक्षों पर बाध्य कारी प्रभाव रखेगा।

7. मैं/हम यह सहमति देते हैं कि निविदा समिति अथवा संस्थान के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा तथा हमें प्रत्येक प्रकार से स्वीकार्य होगा।

**दिनांक:**

**स्थान:**

**बोली दाता के हस्ताक्षर......................**

**नाम, पता, फोन नंबर एवं मुहर**

..........................................

..........................................

..........................................

..........................................

**अनुलग्नक-'बी'**

## टर्नओवर प्रमाण-पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि मै. ........................................................................ पैन नं. ..............................

पंजीकृत कार्यालय पता .................................................................................................. द्वारा पिछले तीन (3) वित्तीय वर्षों के दौरान निम्नलिखित टर्नओवर एवं लाभ/हानि दर्ज की है।

| वित्तीय वर्ष | वार्षिक टर्न ओवर (रुपयों में) | शुद्ध लाभ / हानि (रुपयों में) |
|---|---|---|
| 2022 - 23 | | |
| 2023 - 24 | | |
| 2024- 25 | | |

उपरोक्त दी गई जानकारी / आंकड़े हमारे सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं प्रामाणिक हैं तथा संबंधित फर्म की बैलेंसशीट एवं/अथवा आयकर रिटर्न से प्राप्त किए गए हैं।

**दिनांक:**

**स्थान:**

**चार्टर्ड अकाउंटेंट के हस्ताक्षर.....................**

**नाम, पंजीकरण संख्या एवं मुहर**

..........................................

..........................................

..........................................

अनुलग्नक-'सी'

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

## एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के IQAC हॉल में एक वॉशरूम (पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार के साथ) का निर्माण हेतु वित्तीय बोली

| S.No. | Description Of Item | Unit | Quantity | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Earth work in excavation by mechanical means (Hydraulic excavator)/manual means over areas (exceeding 30 cm in depth, 1.5 m in width as well as 10 sqm on plan) including getting out and disposal of excavated earth lead upto 50 m and for all lift, as directed by Engineer in-charge. | | | | |
| | | Cum | 65.61 | | |
| | | | | | |
| 2 | Providing and laying in position cement concrete of specified grade excluding the cost of centering and shuttering - All work up to plinth level : | | | | |
| | 1:2:4 (1 cement : 2 coarse sand (zone-III) derived from natural sources : 4 graded stone aggregate 20 mm nominal size derived from natural sources) | | | | |
| | | Cum | 4.59 | | |
| | | | | | |
| 3 | Providing and laying in position specified grade of reinforced cement concrete, excluding the cost of centering, shuttering, finishing and reinforcement - All work up to plinth level : | | | | |
| | 1:1.5:3 (1 cement : 1.5 coarse sand (zone-III) derived from natural sources : 3 graded stone aggregate 20 mm nominal size derived from natural sources) | | | | |
| | | Cum | 6.32 | | |
| | | | | | |
| 4 | Centering and shuttering including strutting, propping etc. and removal of form work for | | | | |
| | Foundations, footings, bases for columns | | | | |
| | | Sqm | 10.88 | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| 5 | Centering and shuttering including strutting, propping etc. and removal of form for | | | | |
| 5a | Foundations, footings, bases of columns, etc. for mass concrete | | | | |
| | | Sqm | 21.60 | | |
| | | | | | |
| | Walls (any thickness) including attached pilasters, | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5b | butteresses, plinth and string courses etc | | | | |
| | | **Sqm** | **21.94** | | |
| | | | | | |
| 5c | Columns, Pillars, Piers, Abutments, Posts and Struts | | | | |
| | | **Sqm** | **25.92** | | |
| | | | | | |
| 5d | Lintels, beams, plinth beams, girders, bressumers and cantilevers | | | | |
| | | **Sqm** | **16.61** | | |
| | | | | | |
| 5e | Suspended floors, roofs, landings, balconies and access platfor | | | | |
| | | **Sqm** | **30.59** | | |
| | | | | | |
| 6 | Filling available excavated earth (excluding rock) in trenches, plinth, sides of foundations etc. in layers not exceeding 20cm in depth, consolidating each deposited layer by ramming and watering, lead up to 50 and for all lift. | | | | |
| | | **Cum** | **59.67** | | |
| | | | | | |
| 7 | Supplying and filling in plinth with sand under floors, including watering, ramming, consolidating and dressing complete. | | | | |
| | | **Sqm** | **6.96** | | |
| | | | | | |
| 8 | Reinforced cement concrete work in walls (any thickness), including attached pilasters, buttresses, plinth and string courses, fillets, columns, pillars, piers, abutments, posts and struts etc. above plinth level up to floor five level, excluding cost of centering, shuttering, finishing and reinforcement : | | | | |
| | 1:1.5:3 (1 cement : 1.5 coarse sand (zone-III) derived from natural sources : 3 graded stone aggregate 20 mm nominal size derived from natural sources) | | | | |
| | | **Cum** | **1.73** | | |
| | | | | | |
| 9 | Reinforced cement concrete work in beams, suspended floors, roofs having slope up to 15° landings, balconies, shelves, chajjas, lintels, bands, plain window sills, staircases and spiral stair cases above plinth level up to floor five level, excluding the cost of centering, shuttering, finishing and reinforcement with 1:1.5:3 (1 cement : 1.5 coarse sand(zone-III) derived from natural sources : 3 graded stone aggregate 20 mm nominal size derived from natural sources). | | | | |
| | | **Cum** | **5.55** | | |
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Steel reinforcement for R.C.C. work including straightening, cutting, bending, placing in position and binding all complete upto plinth level. | | | | |
| | Thermo-Mechanically Treated bars of grade Fe-500D or more. | | | | |
| | | **Kg** | **1649.30** | | |
| | | | | | |
| 11 | Providing and laying Autoclaved Aerated concrete(AAC) blocks masonry 100 mm/ 125 mm thick with Grade-1 AAC blocks of density 551 to 650 kg/cum conforming to IS:2185 (Part 3) in super structure above plinth level up to floor V level in cement mortar 1:4 (1 cement : 4 coarse sand). The rate includes providing and placing in position 2 Nos 6 mm dia M.S. bars at every third course of masonry work. | | | | |
| | | **Cum** | **16.32** | | |
| | | | | | |
| 12 | 12 mm cement plaster of mix : | | | | |
| | 1:6 (1 cement: 6 fine sand) | | | | |
| | | **Sqm** | **102.24** | | |
| | | | | | |
| 13 | 15 mm cement plaster of mix : | | | | |
| | 1:6 (1 cement: 6 fine sand) | | | | |
| | | **Sqm** | **101.29** | | |
| | | | | | |
| 14 | Providing and laying Ceramic glazed floor tiles of size 300x300 mm (thickness to be specified by the manufacturer) of 1st quality conforming to IS : 15622 of approved make in colours such as White, Ivory, Grey, Fume Red Brown, laid on 20 mm thick cement mortar 1:4 (1 Cement : 4 Coarse sand), Jointing with grey cement slurry @ 3.3 kg/sqm including pointing the joints with white cement and matching pigment etc., complete. | | | | |
| | | **Sqm** | **19.18** | | |
| | | | | | |
| 15 | Providing and applying white cement based putty of average thickness 1 mm, of approved brand and manufacturer, over the plastered wall surface to prepare the surface even and smooth complete. | | | | |
| | | **Sqm** | **34.19** | | |
| | | | | | |
| 16 | Wall painting with acrylic emulsion paint, having VOC (Volatile Organic Compound ) content less than 50 grams/ litre, of approved brand and manufacture, including applying additional coats wherever required, to achieve even shade and colour | | | | |
| | Two coats | | | | |
| | | **Sqm** | **34.19** | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| 17 | Finishing walls with Acrylic Smooth exterior paint of required shade : | | | | |
| | New work (Two or more coat applied @ 1.67 ltr/10 sqm over and including priming coat of exterior primer applied @ 0.90 litre/10 sqm) | | | | |
| | | Sqm | 101.29 | | |
| 18 | Grading roof for water proofing treatment with | | | | |
| | Cement concrete 1:2:4 (1 cement : 2 coarse sand : 4 graded stone aggregate 20 mm nominal size | | | | |
| | | Cum | 1.66 | | |
| | | | | | |
| 19 | Providing and laying water proofing treatment on roofs of slabs by applying cement slurry mixed with water proofing cement compound consisting of applying:<br>(a) after surface preparation, first layer of slurry of cement @ 0.488 kg/sqm mixed with water proofing cement compound @ 0.253 kg/sqm.<br>(b) laying second layer of Fibre glass cloth when the first layer is still green. Overlaps of joints of fibre cloth should not be less than 10 cm.<br>(c) third layer of 1.5 mm thickness consisting of slurry of cement @ 1.289 kg/sqm mixed with water proofing cement compound @ 0.670 kg/sqm and coarse sand @ 1.289 kg/sqm. This will be allowed to air cure for 4 hours followed by water curing for 48 hours. The entire treatment will be taken upto 30 cm on parapet wall and tucked into groove in parapet all around.<br>(d) fourth and final layer of brick tiling with cement mortar (which will be paid for separately.<br>For the purpose of measurement the entire treated surface will be measured. | | | | |
| | | Sqm | 33.29 | | |
| | | | | | |
| 20 | Providing and fixing 18 mm thick gang saw cut, mirror polished, premoulded and prepolished, machine cut for kitchen platforms, vanity counters, window sills, facias and similar locations of required size, approved shade, colour and texture laid over 20 mm thick base cement mortar 1:4 (1 cement : 4 coarse sand), joints treated with white cement, mixed with matching pigment, epoxy touch ups, including rubbing, curing, moulding and polishing of edges to give high gloss finish etc. complete at all levels. | | | | |
| | Granite stone slab of colour black, Cherry/Ruby red | | | | |
| | Area of slab upto 0.50 sqm | | | | |
| | | Sqm | 11.89 | | |
| | Specified materials of size 595x595 mm in true horizontal level, suspended on inter locking metal grid of hot dipped | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | galvanized steel sections ( galvanized @ 120 grams/ sqm, both side inclusive) consisting of main "T" runner with suitably spaced joints to get required length and of size 24x38 mm made from 0.30 mm thick (minimum) sheet, spaced at 1200 mm center to center and cross "T" of size 24x25 mm made of 0.30 mm thick (minimum) sheet, 1200 mm long spaced between main "T" at 600 mm center to center to form a grid of 1200x600 mm and secondary cross "T" of length 600 mm and size 24x25 mm made of 0.30 mm thick (minimum) sheet to be interlocked at middle of the 1200x600 mm panel to form grids of 600x600 mm and wall angle of size 24x24x0.3 mm and laying false ceiling tiles of approved texture in the grid including, required cutting/ making, opening for services like diffusers, grills, light fittings, fixtures, smoke detectors etc. Main "T" runners to be suspended from ceiling using GI slotted cleats of size 27 x 37 x 25 x1.6 mm fixed to ceiling with 12.5 mm dia and 50 mm long dash fasteners, 4 mm GI adjustable rods with galvanised butterfly level clips of size 85 x 30 x 0.8 mm spaced at 1200 | | | | |
| | 12.5 mm thick square edge PVC Laminated Gypsum Tile of size 595x595 mm, made of Gypsum plasterboard, manufactured from natural gypsum as per IS 2095 part I and laminated with white 0.16mm thick fire retardant PVC film on the face side and 12micron metalized polyester on the back side with all edges sealed with the face side PVC film which goes around and wraps the edges and is bonded to the edges and the back side metalized polyester film so as to make the tile a completely sealed unit. | | | | |
| | | **Sqm** | **30.90** | | |
| | **Total (A) Civil Work** | | | | |
| | **SANITARY** | | | | |
| 1 | Providing and fixing white vitreous china pedestal type water closet (European type) with seat and lid, 10 litre low level white vitreous china flushing cistern & C.P. flush bend with fittings & C.I. brackets, 40 mm flush bend, overflow arrangement with specials of standard make and mosquito proof coupling of approved municipal design complete, including painting of fittings and brackets, cutting and making good the walls and floors wherever required : | | | | |
| | W.C. pan with ISI marked white solid plastic seat and lid | each | 3.00 | | |
| | | | | | |
| 2 | Providing and fixing white vitreous china squatting plate urinal with integral rim longitudinal flush pipe. | each | 2.00 | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| 3 | Providing and fixing wash basin with C.I. brackets, 15 mm dia CP Brass single hole basin mixer of approved quality and make, including painting of fittings and brackets, cutting and making good the walls wherever required: | each | 4.00 | | |
| | | | | | |
| 4 | Providing and fixing CP Brass 32 mm size Bottle Trap of approved quality & make and as per the direction of Engineer-in-charge | each | 4.00 | | |
| | | | | | |
| 5 | Providing and fixing Chlorinated Polyvinyl Chloride (CPVC) pipes, having thermal stability for hot & cold water supply, including all CPVC plain & brass threaded fittings and fixing the pipe with clamps at 1.00 m spacing. This includes jointing of pipes & fittings with one step CPVC solvent cement and the cost of cutting chases and making good the same including testing of joints complete as per direction of Engineer in Charge. Concealed work, including cutting chases and making good the walls etc. | | | | |
| | 20mm nominal outer dia .Pipes. | RM | 30.00 | | |
| | 25 mm nominal outer dia .Pipes. | RM | 10.00 | | |
| | 32 mm nominal outer dia .Pipes. | RM | 10.00 | | |
| | | | | | |
| 6 | Providing and fixing gun metal gate valve with C.I. wheel of approved quality screwed end) : | | | | |
| | 25 mm nominal bore | EACH | 2.00 | | |
| | | | | | |
| 7 | Providing and fixing 8 mm dia C.P. / S.S. Jet with flexible tube upto 1 metre long with S.S. triangular plate to Eureopean type W.C. of quality and make as approved by Engineer - in - charge. | EACH | 3 | | |
| | | | | | |
| 8 | Providing and fixing mirror of superior glass (of approved quality) and of required shape and size with plastic moulded frame of approved make and shade with 6 mm thick hard board backing : | | | | |
| | Rectangular shape 453x357 mm | EACH | 4 | | |
| | | | | | |
| | Providing and fixing soil, waste and vent pipes : | | | | |
| | 100 mm dia. Pipe minimum wall thickness 5mm | | | | |
| 9 | Sand cast iron SandS pipe as per IS: 1729. | meter | 25 | | |
| | | | | | |
| 10 | Providing and filling the joints with spun yarn cement slurry and cement mortar 1:2 ( 1 cement: 2 sand) in S.C.I./ C.I. Pipes : | | | | |
| | 100 mm dia pipe | EACH | 18 | | |
| | | | | | |
| 11 | Providing and fixing bend of required degree with access door, insertion rubber washer 3 mm thick, bolts and nuts | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | complete. | | | | |
| | 100 mm dia minimum wall thickness 6.5mm | | | | |
| | Sand cast iron SandS as per IS - 1729 | EACH | 4 | | |
| | | | | | |
| 14 | Providing and fixing plain bend of required degree. | | | | |
| | 100 mm dia minimum wall thickness 6.5mm | | | | |
| | Sand cast iron SandS as per IS - 1729 | EACH | 50 | | |
| | | | | | |
| 15 | Constructing brick masonry manhole in cement mortar 1:4 ( 1 cement: 4 sand) RC.C. top slab with Cement Concrete 1:2:4 mix (1 cement: 2 sand : 4 graded stone aggregate 20 mm nominal size), foundation concrete 1:4:8 mix (1 cement: 4 sand: 8 graded stone aggregate 40mm nominal size) inside plastering 12mm thick with cement mortar 1:3 (1 cement: 3 sand) fmished with floating coat of neat cement and making channels in cement concrete 1:2:4 (1 cement : 2 sand : 4 graded stone aggregate 20mm nominal size) finished with a floating coat of neat cement complete as per standard design : | | | | |
| | Inside size 90x80 cm and 45 em deep including C.I. cover with frame (light duty) 455x610 mm internal dimensions total weight of cover and frame to be not less than 38 kg (weight of cover 23 kg and weight of frame 15 kg) : | | | | |
| | With well burnt bricks | EACH | 4.00 | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| 16 | Providing and fixing trap of self cleansing design with screwed down or hinged grating with or without vent arm complete, including cost of cutting and making good the walls and floors : | | | | |
| | 100 mm inlet and 100 mm outlet | | | | |
| | Sand cast iron S&S as per IS: 3989 | Each | 3 | | |
| | | | | | |
| 17 | Providing and fixing C.P. brass bib cock of approved quality conforming to IS:8931 : | | | | |
| | 15 mm nominal bore | Each | 3 | | |
| | | | | | |
| 18 | Providing and fixing C.P. brass angle valve for basin mixer and geyser points of approved quality conforming to IS:8931 | | | | |
| | 15mm nominal bore | Each | 7 | | |
| | | | | | |
| 19 | Supply and fixing of UPVC S.W.R. pipe nahni trap size 100x75,110/90 mm confirming to IS-14735 self cleaning design fixed in PCC 1:2:4 and supply and fixing of 125 mm dia heavy duty CP brass jali. | Each | 8 | | |
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | Providing and fixing rectangular high density polyethylene water storage loft tank with cover, conforming to ISI : 12701, colour of opaque white or as approved by Engineer-in-charge. The rate includes making necessary holes for inlet, outlet & over flow pipes. The base support i/c fittings & fixtures for tank shall be paid separately | Litre | 2000 | | |
| | **TOTAL AMOUNT (B) Sanitary** | | | | |
| | **TOTAL AMOUNT (C) Electrical 10% of civil** | | | | |
| | **Net amount (Civil+Sanitary+Electrical)** | | | | |

**राशि शब्दों में : ..........................................................................................................................**

**• बोली दाता द्वारा उद्धृत / निर्धारित सभी दरें GST सहित होंगी। कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।**
**• मात्रा वास्तविक स्थल परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तित हो सकती है, अतः ये अस्थायी (प्रोविजनल) हैं तथा भुगतान एजेंसी को स्थल पर निष्पादित वास्तविक कार्य की माप के अनुसार किया जाएगा।**

<u>**घोषणा**</u>

1. मैंने/हमने निविदा दस्तावेज का सावधानी पूर्वक परीक्षण किया है तथा उसमें उल्लिखित सभी नियम एवं शर्तों के अनुरूप उपर्युक्त कार्य हेतु अपनी बोली प्रस्तुत करते हैं।

2. मैं/हम यह घोषणा करते हैं कि हमने निविदा दस्तावेज में उल्लिखित प्रत्येक नियम एवं शर्त तथा कार्य के दायरे का सावधानी पूर्वक अध्ययन किया है तथा स्थल का भौतिक निरीक्षण कर उसे भली-भांति समझ लिया है। हम इसे बिना किसी शर्त या विचलन के स्वीकार करते हैं।

3. मैं/हम सहमत हैं कि हमारी बोली, बोली खोले जाने की तिथि से 180 दिनों की अवधि तक वैध रहेगी तथा इस अवधि के दौरान यह हमारे लिए बाध्यकारी होगी और इस अवधि के समाप्त होने से पूर्व किसी भी समय स्वीकार की जा सकती है।

4. मैं/हम यह समझते हैं कि यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है और हमें कार्य आवंटित किया जाता है, तो हम इसे स्वीकार करेंगे तथा निविदा दस्तावेज की सभी/किसी भी शर्तों का पालन करने के लिए सहमत होंगे।

5. मैं/हम अपनी अपरिवर्तनीय सहमति प्रदान करते हैं कि अनुबंध अवधि के दौरान यदि निविदा दस्तावेज/अनुबंध अपूर्ण छोड़ा जाता है या किसी भी प्रकार से अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन होता है, तो परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जमा की जब्ती स्वीकार होगी।

6. जब तक औपचारिक अनुबंध निष्पादित नहीं हो जाता, तब तक निविदा दस्तावेज अथवा अनुबंध, हमारे लिखित स्वीकृति के साथ या बिना, दोनों पक्षों पर बाध्य कारी प्रभाव रखेगा।

7. मैं/हम यह सहमति देते हैं कि निविदा समिति अथवा संस्थान के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा तथा हमें प्रत्येक प्रकार से स्वीकार्य होगा।

**दिनांक:**

**स्थान:**

**बोली दाता के हस्ताक्षर......................**

**नाम, पता, फोन नंबर एवं मुहर**

..........................................

..........................................

..........................................

..........................................